# पाठ–16
# समुच्चयबोधक अव्यय

**उचित विकल्प पर ( ✓ ) का चिह्न लगाइए–**

1. 'और', 'एवं', 'तथा', 'अर्थात', 'जो कि' आदि समुच्चयबोधक हैं–
   (i) विकल्पक ☐ (ii) विरोध-सूचक ☐ (iii) संयोजक ☐
2. वह स्कूल नहीं गया ________ वह बीमार था।
   (i) क्योंकि ☐ (ii) इसलिए ☐ (iii) नहीं तो ☐
3. 'किंतु', 'अपितु', 'लेकिन' आदि समुच्चयबोधक हैं–
   (i) संयोजक ☐ (ii) विरोध सूचक ☐ (iii) परिणाम-सूचक ☐
4. समुच्चयबोधक के भेद होते हैं–
   (i) तीन (ii) चार (iii) दो

**रिक्त स्थान भरिए–**

1. कुछ ऐसा करो ________ दुनिया याद करे।
2. ________ वह गरीब है ________ ईमानदार है।
3. राकेश ________ सोहन दोनों खेलते हैं।
4. यह वही पेन है ________ तुमने दिया था।
5. सूखा पड़ गया ________ वर्षा नहीं हो रही।

**दिए गए कथनों में सही के लिए ( ✓ ) तथा गलत के लिए ( ✗ ) का चिह्न लगाइए–**

1. जो शब्द दो या दो से अधिक शब्दों, वाक्यांशों तथा उपवाक्यों को जोड़ने का काम करते हैं, उन्हें समुच्चयबोधक कहा जाता है।
2. समुच्चयबोधक अव्यय के चार भेद हैं।
3. परिणामसूचक के दो भेद हैं।
4. पहला व तीसरा वाक्य एक दूसरे के विरोधी होते हैं वह विरोध सूचक है।

**निम्नलिखित वाक्यों मे समुच्चयबोधक छाँटकर भेद बताओ–**

1. राधा सुंदर ही नहीं वरन् सुशील भी है। ________
2. वह पास नहीं हुआ क्योंकि उसने पढ़ाई नही की थी। ________
3. हमने राजेश को बुलाया था लेकिन वह आ न सका। ________
4. पिता तथा पुत्र एक साथ कार्यालय जाते हैं। ________
5. सपना मेहनत करती है इसलिए प्रथम आती है। ________
6. चूँकि वह कमज़ोर है इसलिए वह आराम कर रहा है। ________
7. यदि सम्मान पाना है तो दूसरों की इज्जत करो। ________
8. रमा आई किंतु शिखा न आ सकी। ________
9. मैं जानती हूँ कि तुमने खाना नहीं खाया। ________
10. चाहे तुम मानो या न मानो। ________

✿ **निम्नलिखित वाक्यों में समुच्चयबोधक शब्दों पर गोला बनाइए–**

1. जीवन में शांति चाहते हो, तो सबसे प्रेम करो।
2. मीना और राधा रस्सी कूद रही हैं।
3. जब रात हो गई तब पिताजी आए।
4. मैं तेज़ दौड़ा फिर भी बस न पकड़ सका।

LIVEWORKSHEETS